(a) and (b)—The information in respect of Gas Oil is given below :—

| | EAST COAST | | WEST COAST | |
|---|---|---|---|---|
| | Number of cargoes | Value (US $ Million) | Number of cargoes | Value (US $ Million) |
| 1991-92 . . . . . | 35 | 164.34 | 64 | 329.21 |
| 1992-93 (April-October) . . | 53 | 298.83 | 70 | 365.48 |

The import of gas oil is made to bridge the gap between the demand and indigenous production.

**मध्य प्रदेश के मिट्टी के तेल के कोटे में वृद्धि करना**

2466. **श्री कैलाश नारायण सारंग :**

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्र सरकार द्वारा मिट्टी के तेल का, राज्यवार, प्रतिमाह कितना कोटा आवंटित किया जा रहा है और इस सम्बन्ध में क्या मापदंड निर्धारित किये गये हैं ;

(ख) क्या मानदंडों के अनुसार मध्य प्रदेश को आवंटित किये जा रहे मिट्टी के तेल का प्रतिमाह का कोटा पर्याप्त है, यदि नहीं, तो इसमें वृद्धि न किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या इस राज्य के लिए मिट्टी के तेल के कोटे में वृद्धि करने के सम्बन्ध में मध्य प्रदेश सरकार और केन्द्रीय सरकार के बीच कोई पत्र-व्यवहार हुआ है, यदि हां, तो इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)** : (क) से (ग) नवम्बर, 1992 के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए मिट्टी के तेल के आबंटन (अतिरिक्त आबंटन को छोड़कर) के मासिक ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं [नीचे देखिए] ।

उत्पाद की उपलब्धता होने पर मिट्टी के तेल का अबंटन पूर्ववर्ती आधार पर किया जाता है और इसे उसी स्तर पर बनाए रखा जा रहा है जो वर्ष 1991–92 में था । नवम्बर, 1991 से 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक समान मासिक आधार पर आबंटन किया जा रहा है, जिन्होंने इसका चयन किया था तथा शेष 14 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ब्लॉक आधार पर आबंटन किया जा रहा है जिन्होंने मौजूदा पद्धति को जारी रखे जाने की तरजीह दी थी । राज्यों की विशेष मांग को पूरा करने के लिए तदर्थ आबंटन भी किए जाते हैं ।

**विवरण**

| क्रम सं० | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | (मी०ट०) माह नवम्बर 1992 के लिए हकदारी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 48790 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 775 |
| 3. | आसाम | 20558 |
| 4. | गोवा | 2261 |
| 5. | हिमाचल प्रदेश | 3049 |
| 6. | कर्नाटक | 36975 |
| 7. | केरल | 22084 |
| 8. | मणीपुर | 1722 |